
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कोरोना योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सौगात**

## सतपाल महाराज ने चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र को दी 8 करोड़ 92 लाख की बड़ी सौगात

**संवाददाता**

देहरादून। चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखण्ड बीरोंखाल स्थित आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव के दौरान शनिवार को को प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने क्षेत्र भ्रमण के तीसरे दिन अपने विधानसभा क्षेत्र को 1 करोड़ 93 लाख 98 हजार की विकास योजनाओं का तोहफ़ा दिया।

प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री व चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने शनिवार को बीरोंखाल स्थित आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव में कोरोना काल अपने प्राणों की परवाह न करते हुए दिन रात सेवा कार्य में



लगे आंगनवाड़ी, सहायिकाओं, आशा कार्यकत्रियों एवं महिला मंगल दल को अंगवस्त्र, उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विकासखंड बीरोंखाल स्थित वेदिखाल भरोलीखाल एरोली–चंदोली मोटर मार्ग के द्वितीय चरण स्टेज–1 के विस्तारीकरण जिसकी लागत 133.58 लाख है का शिलान्यास करने के साथ–साथ 60.40 लाख की धनराशि से बने पर्यटक आवास गृह का भी लोकार्पण किया। सतपाल महाराज पिछले तीन दिनों में 8 करोड़ 92 लाख 77 हजार से भी अधिक की विकास योजनाओं की सौगात अपने विधानसभा क्षेत्र को दे चुके हैं। विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों की प्रस्तुतियों पर लोग झूम उठे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमृता रावत, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुयश रावत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष भाजपा यशपाल गोरला, महामंत्री मुकेश पोखरियाल, ओमपाल सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता पातीराम ढौंडियाल, शक्ति केन्द्र अध्यक्ष हर्षपाल सिंह, सुरेन्द्र ढौंडियाल, जगत सिंह चौधरी, सुमित्रा, यशपाल रावत, सत्येन्द्र ढौंडियाल, दिलबर सिंह, गणेश पोखरियाल, जिला पंचायत सदस्य सरिता पोखरियाल, राधा कण्डारी, ब्लाक प्रमुख राजेश कण्डारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख दर्शन सिंह रिंगोडा, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष दीप्ति प्रकाश, युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुभदा, सैनिक प्रकोष्ट अध्यक्ष मनवर सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष संग्राम सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### आठ नग अवैध जड़ी बूटी बरामद

**संवाददाता** पुरोला। गोविन्द वन्य जीव विहार के सुपीन रेंज में वन कर्मियों ने राला गांव के एक व्यक्ति से आठ नग अवैध जड़ी बूटी बरामद की है। आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। सुपीन रेंज के रेंज अधिकारी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि गत दिवस वन दरोगा परशुराम गोदियाल के नेतृत्व में गश्त के दौरान वन कर्मियों ने राला गांव निवासी कुंवर सिंह पुत्र इलम सिंह से आठ नग अवैध जड़ी बूटी बरामद की है जिसमें सात नग कूट व एक नग देवरिंगल शामिल है। आरोपी इनको गांव से सड़क मार्ग तक पहुंचा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। बरामद माल सुपीन रेंज कार्यालय पहुंचा दिया गया है।

### खुदाई के दौरान मिली प्राचीनकालीन मूर्ति, पूजा करने में जुटे ग्रामीण

**संवाददाता** बागेश्वर। हसील के पुरड़ा व रामपुर गांव के बीच में खुदाई के दौरान एक प्राचीनकालीन मूर्ति मिली है। मूर्ति को देखने ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ रही है। कुछ ग्रामीण मूर्ति की पूजा अर्चना में जुट गए हैं। पुरड़ा व रामपुर गांव के बीच में रामपुर के कुछ ग्रामीण अपने खेतों में खुदाई कर रहे थे। तभी नीचे से अचानक एक मूर्ति निकल गई। यह प्राचीनकालीन मूर्ति देखने से शिव–पार्वती की प्रतीत हो रही है। मूर्ति निकलना ग्रामीणों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। मूर्ति निकलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। कुछ ग्रामीणों ने मूर्ति को खेत के किनारे रखा और अक्षत– पिठ्या लगाकर माला पहनाई और पूजा अर्चना में जुट गए हैं। मूर्ति किस सदी की है, कितनी पुरानी है और मूर्ति में क्या आकृति उकेरी गई है।


### रिलायंस ज्वेल्स ने डायमंड नेकलेस सेट के शानदार कलेक्शन

**संवाददाता** हल्द्वानी। इंसान को जिंदगी में मिलने वाले मौके की तरह हीरे भी दुर्लभ और अनमोल होते हैं। भारत में आभूषणों के सबसे भरोसेमंद ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने लिमिटेड एडिशन वाले अपने डायमंड नेकलेस सेट के बेहद आकर्षक कलेक्शन, डायमंड डिलाइट्स को अविश्वसनीय कीमतों पर लॉन्च किया है, जिसकी कीमत सिर्फ 49999 रुपये से शुरू होती है। खूबसूरत डायमंड डिलाइट्स कलेक्शन के आभूषण बेहद किफायती मूल्य पर उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को खास तौर पर डिजाइन किए गए हीरे के गहनों को अपने कलेक्शन में शामिल करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस कलेक्शन के आभूषण पार्टियों और शादियों के लिए भी आदर्श हैं। इसके अलावा, अपने प्रियजनों को तोहफे के रूप में देने के लिए भी यह एक शानदार विकल्प है।

## भारत में अपनी तरह का पहला एवं उत्तराखंड सरकार की पहल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार की एक पहल और देश में अपनी तरह की पहली पहल, बकरों और उत्तरा फिश फेस्ट का आयोजन 17 और 18 दिसम्बर को पैसिफिक मॉल, देहरादून में बड़ी धूमधाम से किया गया। यह पहली बार है कि भारत में किसी राज्य सरकार ने अत्यधिक प्रभावी विपणन मंच देकर पशुपालकों की आय को बढाने की पहल की है। उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रचारित बकरा मटन का ब्रांड स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक लोकप्रिय ब्रांड बन गया है। इसे खाडी और अन्य देशों में निर्यात किया जा रहा है। जहां इसे एक अच्छा बाजार मिल रहा है। डॉ. आर मीनाक्षी सुन्दरम् ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस बात की सराहना की कि ग्रैंड फूड फेस्टिवल में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की पेशकश की गई है।

## विस चुनाव के लिए यूकेडी ने जारी किया घोषणा पत्र



**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव 2022 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच उत्तराखंड क्रांति दल ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कचहरी रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय में दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी और तमाम यूकेडी नेताओं ने विधानसभा चुनाव–2022 का घोषणा पत्र जारी किया। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की परिकल्पना के पीछे सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यहां की जनता को लगता था कि उत्तर प्रदेश में रहकर इस पर्वतीय क्षेत्र के आठ जिलों का विकास इसलिए नहीं हो पाता है। क्योंकि लखनऊ और दिल्ली में बैठे नेता और नौकरशाह पहाड़ के भूगोल को नहीं जानते हैं।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड, देहरादून।

संख्या–646 / ल.सि. / निविदा / 2021–22

दिनांक: 7 दिसम्बर 2021

### अल्पकालीन निविदा

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से निम्न कार्यों की सील बन्द निविदायें दिनांक 24.12.2021 को विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न लघु सिंचाई उपखण्ड, देहरादून में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। उक्त कार्य की निविदायें दिनांक 22.12.2021 से दिनांक 23.12.2021 को सांय 4.00 बजे तक उपखण्ड देहरादून में बेची जायेंगी। कार्यों से संबधित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत 3% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा की वैधता (माह में) | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डकोटा में श्री हर्षमणी जुयाल के घर के पास नदी पर सुरक्षा हेतु कंक्रीट ब्लॉक का कार्य। | 18000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 2. | कंडोली लेन नं. 07 ए मुख्य मार्ग से काली मन्दिर आशा शर्मा के घर तक सड़क निर्माण। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 3. | मुख्य मार्ग पर श्री चोपड़ा जी के घर से सोनम शुक्ला तथा डी.के.सिंह पैट क्लीनिक में जी.एस. रावत के घर तक विजय कॉलोनी लेन नं.02 में सड़क निर्माण। | 24000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 4. | वार्ड–19, मच्छी बाजार के पास गोपीनाथ मंदिर में सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | सी एवं उच्चतर |
| 5. | सनराईज एकेडमी रायपुर रोड अठोईवाला में चार दीवारी का निर्माण कार्य। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 6. | विलासपुर कांडली में विष्णु बहादुर के घर से श्री विमला चौहान के घर तक सड़क निर्माण। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 7. | मधुर विहार लेन नं.–01 सहस्त्रधारा रोड पर श्री गुलेरिया के घर से श्री ओमपाल एवं श्री। चेतन के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 8. | गूल मरम्मत बड़ोंट केषरवाला (अस्थल) | 18000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 9. | हाईड्रम चन्द्रोटी के बन्धे का सुदृढीकरण कार्य। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 10. | महात्मा गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सा विज्ञान केन्द्र देहरादून के बेसमेंट में पार्किंग स्थान हेतु टाईल्स का कार्य। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 11. | महात्मा गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सा विज्ञान केन्द्र देहरादून में चिकित्सालय के सामने सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग एवं स्लाइडिंग गेट का कार्य। | 18200.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 12. | सेवला यमुनोत्री एन्क्लेव–3 में के.एम. नौटियाल जी के घर के पास सी.सी. निर्माण कार्य। | 27000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 13. | वार्ड 29 के पूर्व संजय कालोनी में आंगनवाड़ी केन्द्र के पास छठ पूजा के घाट एवं पार्क का निर्माण प्रथम भाग। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |

नोट– निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तें एवं आवश्यक सूचना किसी भी कार्यालय दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में देखे / प्राप्त किये जा सकते हैं।

**सहायक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई खण्ड, देहरादून।**


## डॉक्टर ने गर्भवती की बताई हालत गंभीर, घर पर हुई नॉर्मल डिलीवरी

**संवाददाता** रामनगर। संयुक्त चिकित्सालय रामनगर की डॉक्टर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। डॉक्टर ने प्रसव के लिए आई महिला को गंभीर अवस्था में बताकर हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन महिला की घर पर ही नॉर्मल डिलीवरी हो गई। पीड़ित जफर इकबाल ने अस्पताल की डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने कहा कि उनकी पत्नी की हालत काफी नाजुक है।